संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व
महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, घड़ी चौक के पास, सिविल लाइन
रायपुर-492001, छत्तीसगढ़
E-mail: deptt.culture@gmail.com, deptt_culture@yahoo.co.in, **Website:** www.cgculture.in
Phone No.: 0771-2537404, Tele.Fax.:0771-2234731

क्र. 155 /सं.पु./संस्कृति/राज्यो./21 रायपुर, दिनांक 8/9 /2021

किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण 2021

छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग ने हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्देशन के क्षेत्र में उपलब्धि तथा दीर्घ साधना को सम्मानित करने और इनमें कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से राष्ट्रीय स्तर के अलंकरण की स्थापना की गई है। इस पुनीत कार्य में व्यक्तियों के योगदान को प्रोत्साहित करने, मान्यता देने एवं प्रतिष्ठा मंडित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने **"हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में निर्देशन"** के क्षेत्र में कार्यरत् व्यक्ति को प्रतिवर्ष **"किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण"** राशि रू. 10.00 लाख नगद एवं प्रशस्ति पत्र के रूप में दी जायेगी। इस हेतु प्रविष्टियां/अनुशंसाएं आमंत्रित है।

(1) चयन समिति की अनुशंसा पर शासन द्वारा अंतिम रूप से घोषित एक व्यक्ति/संस्था को दस लाख रू. नगद और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

(2) सम्मान के लिए निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां ईमेल पर आमंत्रित की जाती है।

क्र	आवेदक का नाम, पता, दूरभाष नं., ईमेल	जन्मतिथि एवं आयु	प्रस्तावक का नाम, पता, दूरभाष नं., ईमेल	आवेदक का निर्देशन के क्षेत्र में उपलब्धियों का संक्षिप्त ब्यौरा	प्राप्त सम्मान/पुरस्कार विवरण अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्यस्तरीय	कार्य अनुभव का वर्ष	सम्मान हेतु सहमति पत्र संलग्न है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

- व्यक्ति का पूर्ण परिचय, पता व फोटोग्राफ।
- हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में निर्देशन के क्षेत्र में किये गये कार्यो की जानकारी।
- यदि कोई अन्य सम्मान प्राप्त किया हो, तो उसका विवरण।
- हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में निर्देशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य की जानकारी व प्रमाण एवं उत्कृष्ट कार्य करने के संवंध में प्रकाशित सामग्रियों, प्रख्यात् पत्र/पत्रिकाओं के मुखपृष्ठ की फोटो प्रति एवं आडियो/वीडियो सी.डी./डीवीडी की प्रति।

(3) **"किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण 2021"** की प्रविष्टियां संवंधी जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cgculture.in पर देखी जा सकती है।

(4) प्रविष्टियों की **अंतिम तिथि 11/10/2021** है तथा प्रविष्टियां विभाग के मेल आईडी rajyaalankaranculture@gmail.com में प्रेषित मेल का आकार 10 एम.बी. तथा वर्ड, पीडीएफ, इमेज सहित कुल 20 ए-4 साईज पेज में ही स्वीकार की जावेंगी।

(5) प्रस्तुत की गई प्रविष्टियां के संवंध में कोई भी पत्रचार मान्य नहीं होगा।

(6) संवंधित सम्मान वर्ष के लिए प्राप्त प्रविष्टियों के अलावा निर्णायक मंडल (जूरी) स्वविवेक से ऐसे व्यक्ति/संस्था के नाम पर विचार कर सकेगा, जिन्हें वह सम्मान के उद्देश्यों व अनुरूप पाए।

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व